Downloaded From : http://cbseportal.com/

**SET – 3**

**Series : HRK/C**

कोड नं.
**Code No.** **4/3**

रोल नं.
**Roll No.**

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **18** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# संकलित परीक्षा - II

## SUMMATIVE ASSESSMENT - II

# हिन्दी

## HINDI

## (पाठ्यक्रम ब)

## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 90*

*Time allowed : 3 hours* *Maximum Marks : 90*

**निर्देश :**

*(i)* इस प्रश्न–पत्र के **चार** खंड हैं – क, ख, ग और घ ।

*(ii)* चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

*(iii)* यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

## खंड – क

### (अपठित गद्यांश)

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2 × 6 = 12**

मनुष्य जब जंगली अवस्था में था तो उसका व्यवहार पशु तुल्य था – भले-बुरे की चेतना से रहित, किंतु ज्यों-ज्यों वह सभ्य होता गया उसने पशु प्रवृत्तियों में अंकुश लगाना सीखा । अब हमारे स्वभाव में यह नहीं है कि हम बुरे कर्मों में प्रवृत्त हों । हम लोगों के मन में एक ऐसी शक्ति है जो हमें सभी बुरे कर्मों को करने से रोकती है और अच्छे कामों की ओर हमारी प्रवृत्ति को झुकाती है । यह बहुधा देखा गया है कि जब कोई मनुष्य खोटा काम करता है तब बिना किसी के कहे आप ही लजाता है और मन में दुखी होता है । बहुधा देखा होगा कि जब कभी कोई लड़का किसी मिठाई को चुराकर खा लेता है तब वह मन में डरा करता है और पीछे से आप ही पछताता है कि मैंने ऐसा काम क्यों किया, मुझे अपनी माता से कहकर खाना था । इसी प्रकार का एक दूसरा लड़का, जो कभी कुछ चुराकर नहीं खाता, सदा प्रसन्न रहता है और उसके मन में कभी किसी प्रकार का डर और पछतावा नहीं होता । इसका क्या कारण है ? यही कि हम लोगों का कर्तव्य है कि हम कभी चोरी न करें । परन्तु जब हम चोरी कर बैठते हैं तब हमारी आत्मा हमें जो कहे, उसके अनुसार हम करें । दृढ़ विश्वास रखो कि जब तुम्हारा मन किसी काम को करने से हिचकिचाए और दूर भागे तब कभी तुम उस काम को न करो । तुम्हें अपना धर्म-पालन करने में बहुधा कष्ट उठाना पड़ेगा, पर इससे तुम साहस न छोड़ो ।

(क) जंगली अवस्था में मनुष्य के स्वभाव की क्या विशेषता थी ? अब ऐसा क्यों नहीं है ?

(ख) हमें बुरे कर्म करने से कौन रोकता है और इसका क्या प्रमाण है ?

(ग) एक लड़के के डरने और दूसरे के प्रसन्न रहने के क्या कारण बताए गए हैं ?

(घ) यदि हमसे कोई बुरा काम हो बैठे तो हमें क्या करना उचित है ?

(ङ) किसी काम को कब न करने का परामर्श दिया गया है ? क्यों ?

(च) 'धर्मपालन' का गद्यांश में प्रयोग के आधार पर क्या अर्थ है ? स्पष्ट कीजिए ।

2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2 × 4 = 8**

जिसके अन्न और पानी का इस काया पर ऋण है
जिसके समीर का अतिथि बना अपना ये जीवन है
जिसकी मिट्टी में खेले, तन दर्पण-सा झलका है
उसी देश के लिए तुम्हारा खून नहीं छलका है ?
जन-गण-मन के न्यायालय में तो तुम प्रतिवादी हो
चाहे जो हो धर्म तुम्हारा, चाहे जो वादी हो
नहीं जी रहे अगर देश के लिए तो अपराधी हो ।

(क) देश के हम पर क्या-क्या उपकार हैं ?

(ख) 'जन-गण-मन के न्यायालय' से क्या तात्पर्य है ? उसके सामने हम कब प्रतिवादी बने होते हैं ?

(ग) 'उसी देश के लिए' – किसे और क्यों कहा गया है ? स्पष्ट कीजिए ।

(घ) आशय समझाइए – 'नहीं जी रहे अगर देश के लिए तो अपराधी हो ।'



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

## खंड – ख

### (व्याकरण)

3\. (क) शब्द किसे कहा जाता है ? **1**

(ख) शब्द पद कैसे बनता है ? **1**

4\. निर्देशानुसार वाक्य रूपांतरण कीजिए : **1 × 3 = 3**

(क) धर्मतल्ले के मोड़ पर आकर जुलूस टूट गया । (संयुक्त वाक्य में)

(ख) ओचुमेलॉव मुड़ा और भीड़ की ओर चल दिया । (सरल वाक्य में)

(ग) यह काफ़ी महँगा प्राणी लगता है । (मिश्र वाक्य में)

5\. (क) विग्रहपूर्वक समास का नाम लिखिए : **2**

अभ्यास–प्रश्न, माता–पिता

(ख) समस्तपद बनाकर समास का नाम लिखिए : **2**

तीन वेणियों का समूह, मद में अंधा

6\. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : **1 × 4 = 4**

(क) आज माँ सिरदर्द की पीड़ा से व्यथित है ।

(ख) आप खाना तो खा लिए हैं न ?

(ग) यह तुम मेरे को क्यों बता रहे हो ?

(घ) स्कीम ये है कि किसी तरह से नेपाल को पहुँचा जाए ।

7\. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए : **2**

(क) वतन पर जाँ फ़िदा करना

(ख) प्राण सूखना

## खंड – ग

### (पाठ्य–पुस्तक पर आधारित प्रश्न)

8\. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2 + 2 + 1 = 5**

व्यवहारवादी लोग हमेशा सजग रहते हैं । लाभ–हानि का हिसाब लगाकर ही कदम उठाते हैं । वे जीवन में सफल होते हैं और अन्यों से आगे भी जाते हैं पर क्या वे ऊपर चढ़ते हैं । खुद ऊपर चढ़ें और अपने साथ दूसरों को भी ऊपर ले चलें, यही महत्त्व की बात है । यह काम तो सदा आदर्शवादी लोगों ने ही किया है । समाज के पास यदि शाश्वत मूल्यों जैसा कुछ है तो वह आदर्शवादी लोगों का ही दिया हुआ है ।

(क) जीवन में कैसे लोग सफल होते हैं ? क्यों ?

(ख) लेखक के अनुसार महत्त्व की बात क्या है ? यह कैसे हो सकती है ?

(ग) 'शाश्वत मूल्य' से क्या तात्पर्य है ?

9\. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2 + 2 + 1 = 5**

(क) 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ में शेख अयाज का उल्लेख क्यों हुआ है ? स्पष्ट कीजिए ।

(ख) कोलकाता में मोनूमेंट के निकट सभा क्यों हो रही थी ? उसे 'ओपन लड़ाई' क्यों कहा गया ?

(ग) जापान में मानसिक रोगों का मुख्य कारण क्या बताया गया है ?



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

10. 'गिरगिट' कहानी के आधार पर चेखव के समय के रूसी समाज पर आपकी क्या धारणा बनती है ? सोदाहरण लिखिए । **5**

11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2 + 2 + 1 = 5**
    (क) बिहारी के दोहे के आधार पर बताइए कि नायिका बिना पत्र लिखे अपनी बात कैसे नायक तक पहुँचा देती है ?
    (ख) 'कर चले हम फ़िदा' गीत के आधार पर सैनिक जीवन की दो विशेषताएँ लिखिए ।
    (ग) 'मनुष्यता' कविता में सबसे बड़ा विवेक क्या माना गया है ?

12. 'मधुर-मधुर मेरे दीपक जल' कविता के माध्यम से महादेवी जी क्या कहना चाहती हैं ? अपने शब्दों में कविता का भाव स्पष्ट कीजिए । **5**

13. 'टोपी शुक्ला' कहानी सामाजिक समरसता और सद्भाव का संदेश देती है । जीवन मूल्यों के संदर्भ में इस कथन की सोदाहरण विवेचना कीजिए । **5**

## खंड – घ
## (सृजनात्मक लेखन)

14. स्मार्ट कक्षा में आधुनिक तकनीकी का उपयोग करते हुए शिक्षण को कैसे रोचक बनाया जा सकता है – इस विषय पर अपने विचार अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर व्यक्त कीजिए । **5**

15. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 250 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : **5**
    (क) वह अविस्मरणीय यात्रा
    - कब, कहाँ • अविस्मरणीय क्यों • प्रेरणा

    (ख) वह अपरिचित
    - कब, कहाँ मिला • विशेष बातें • प्रभाव

    (ग) लड़का-लड़की एक समान
    - समाज की पुरानी सोच • बदलाव • क्या करें

16. दशहरा अवकाश में विद्यालय के 'खोजी' दल के साथ जो लोग नैनीताल भ्रमण के लिए जाना चाहते हों, उनके लिए वांछित जानकारी की एक सूचना लगभग 30 शब्दों में लिखिए । **5**

17. खेलकूद में अधिक समय न देने के लिए आपके पिताजी ने सुझाव दिया था । इस विषय पर आप दोनों के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लगभग 50 शब्दों में लिखिए । **5**

18. अपने घर का एक कमरा किराए पर देने के लिए एक विज्ञापन लगभग 25 शब्दों में लिखिए । **5**

---



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE